भीम
BhIM

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

( अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर )
☎ Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321
Website : www.rrbmuniv.ac.in

क्रमांक : राऋभमवि/अल/Acad I/2022/ 736 दिनांक : 10.11.2022

**प्रबन्ध मण्डल बैठक दिनांक 10.11.2022 ( गुरूवार ) का कार्यवाही विवरण :**

आज दिनांक 10.11.2022 अपरान्ह 11:30 बजे प्रबन्ध मंडल की बैठक माननीय कुलपति महोदय प्रो0 जे. पी. यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें निम्नवत माननीय सदस्य उपस्थित हुए :-

1. प्रो0 जे.पी. यादव, माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष।
2. श्रीमती ज्योति मीणा, कुलसचिव एवं सदस्य सचिव।
3. श्री रोहताश सिंह यादव, वित्त नियंत्रक ।
4. श्रीमती साफिया जुबेर, माननीय विधान सभा सदस्य एवं राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य।
5. श्री राम चन्द्र सिंह, कुलाधिपति नामित माननीय सदस्य।
6. डॉ0 फिरोज अख्तर, सयुक्त सचिव उच्च शिक्षा विभाग एंव प्रतिनिधि मुख्य सचिव उच्च शिक्षा।
7. प्रो. कनिका व्यास, राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य।
8. श्री हरमेश कसंल, राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य।
9. डॉ. हुकम सिंह, कुलपति द्वारा नामित माननीय सदस्य।
10. डॉ. रितेश कुमार शर्मा, राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य।
11. डॉ. अनिता सोनी, कुलपति द्वारा नामित माननीय सदस्य।

प्रबन्ध मण्डल की बैठक मे माननीय सदस्यो द्वारा विचार विर्मश कर निम्नानुसार निर्णय लिए गए :

1. प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 15.12.2021 के कार्रवाई विवरण की पुष्टि। ( संलग्नक-01 )
   निर्णय:- प्रबन्ध मण्डल के सदस्यो द्वारा गत बैठक की कार्यवाही विवरण की प्रगति रिपोर्ट को अनुमोदित करते हुए शेष रह गई कार्यवाही को शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
2. अकादमिक परिषद् की बैठक दिनांक 07.11.2022 के कार्रवाई विवरण का अनुमोदन। ( संलग्नक-02 )
   निर्णय:- अकादमिक परिषद् की बैठक दिनांक 07.11.2022 के कार्रवाई विवरण का उपस्थित सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया। सभी सदस्यों ने महाविद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढाने के लिए विशेष प्रयास के लिये सुझाव दिये। इस सन्दर्भ में महाविद्यालयों को पत्र प्रेषित कर कडाई से पालना सुनिश्चत करने हेतु निर्देश प्रदान किये। विश्वविद्यालय में संचालित पी.जी. कोर्सेज की कक्षाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की व्यवस्था हेतु पूर्व की भांति सेवानिवृत्त व राजकीय महाविद्यालयों

में पी.जी. कक्षाओं में अध्यापन कार्य कर रहे अनुभवी शिक्षकों को वरियता दी जाए। ऐसे शिक्षकों को प्रबन्ध मण्डल की पूर्व बैठक में लिये गये निर्णयानुसार रू. 750/- प्रति कालांश व अधिकतम रू. 25000/- प्रति माह मानदेय दिये जाने का निर्णय लिया गया।

माननीय सदस्यों द्वारा अलवर जिले एवं राजस्थान राज्य के कला, संस्कृति, स्थापत्य व इतिहास सम्बन्धी विषय वस्तु को विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम में समावेश हेतु शिक्षा परिषद के माध्यम से प्रस्ताव तैयार करवाने हेतु निर्देशित किया गया। इस सम्बन्ध में Practical Aspects एवं Internal Assesments को समावेशित किये जाने पर जोर दिया।

माननीय सदस्य एवं विधायक रामगढ साफिया जुबेर द्वारा विश्वविद्यालय शोध कार्य को गति प्रदान करने हेतु एंव शोध की गुणवत्ता एवं यूजीसी के निर्धारित नियमों की पालना सुनिश्चित करने हेतु एवं शोध सम्बन्धी विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में राय देने हेतु विशेषज्ञो की कमेटी की रिर्पोट 31.12.2022 तक आवश्यक रूप से प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया माननीय सदस्य द्वारा अलवर की लोक सास्कृतिक परम्पराओ को बढावा देने एवं छात्रो में इसके प्रति अभिरूची जागृत करने हेतु मत्स्य मेवात लोक सांस्कृतिक/कला केन्द्र को विश्वविद्यालय में प्रारम्भ करने हेतु सुझाव दिया गया।

3. **वित्त समिति की बैठक दिनांक 09.11.2022 के कार्रवाई विवरण का अनुमोदन। (संलग्नक-03)**

**निर्णय :-** वित्त समिति की बैठक दिनांक 09.11.2022 के कार्रवाई विवरण का उपस्थित सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में भी कोरोना की महामारी में अनाथ हुए बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा के प्रावधान किये गये थे। इस बार भी बैठक में सेना व अर्द्ध सैनिकबलो में कार्यरत सैनिको के शहीद परिवारों के बच्चों एवं माननीय सदस्य एवं विधायक रामगढ साफिया जुबेर के सुझाव पर अनाथ बच्चों को भी आगामी सत्र 2022 -23 में विधार्थीयों के आवेदन पर विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के महाविद्यालयों में परीक्षा शुल्क से छूट एवं विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेशित विद्यार्थियों को टयूशन फीस एवं परीक्षा शुल्क में शत-प्रतिशत छूट के साथ पठन सामग्री हेतु राशि रू. 11000/- प्रतिवर्ष दिये जाने के निर्णय का सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

4. प्रमुख सचिव, राज्यपाल राजस्थान के पत्र संख्या एफ.45 (2)आरबी/2022/5255 दिनांक 10.10.2022 की पालना में विश्वविद्यालय के प्रबन्ध मण्डल द्वारा एक सदस्य को 'कुलपति पद हेतु खोजबीन समिति' के सदस्य के रूप में बोर्ड द्वारा नामांकित किया जाना है।

निर्णय :- विश्वविद्यालय के प्रबन्ध मण्डल द्वारा डॉ. रामधारी सैनी (डॉ. आर. डी. सैनी) को 'कुलपति पद हेतु खोजबीन समिति' के सदस्य के रूप में नामांकित किया गया।

5. विश्वविद्यालय खेल बोर्ड के चेयरमेन का मनोनयन।

निर्णय :- चेयरमेन खेल बोर्ड के रूप में विधायक साफिया खॉन को नामांकित किया गया एवं खेल सुविधाओं का विस्तार एवं खिलाडियों के हित सुनिश्चित करने का निर्णय हुआ।

6. माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से टेबल एजेण्डा।

टेबल एजेण्डा ( अ ) :- वित्त समिति में बोर्ड सदस्य का नामांकन।

**निर्णय :-** वित्त समिति में बोर्ड सदस्य के रूप में माननीय सदस्य श्री हरमेश कंसल के कार्यकाल को सर्वसम्मति से बढाया गया।

टेबल एजेण्डा ( ब ) :- छात्र संघ अध्यक्ष द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में प्रतिमा लगाने बाबत ज्ञापन पर विचार।

**निर्णय :-** इस सन्दर्भ में माननीय सदस्यों ने निर्णय लिया की पूर्व में निर्णित राज ऋषि भर्तृहरि की प्रतिमा एवं सविधान पार्क के कार्य को पूर्ण किया जाए एवं महान विभूतियो की प्रतिमाओ की स्थापना के सम्बंध में आगामी बैठक मे निर्णय लिया जायेगा।

बैठक के अन्त में कुलसचिव महोदय द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया।

कुलपति
VICE-CHANCELLOR
Raj Rishi Bhartrihari Matsya University
ALWAR

कुल सचिव
कुल-सचिव
राज ऋषि भर्तृहरि
मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित है :**

1. श्री रोहताश सिंह यादव, वित्त नियंत्रक ।
2. श्रीमती साफिया जुबेर, माननीय विधान सभा सदस्य एवं राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य।
3. श्री राम चन्द्र सिंह, कुलाधिपति नामित माननीय सदस्य।
4. डॉ0 फिरोज अख्तर, सयुक्त सचिव उच्च शिक्षा विभाग एंव प्रतिनिधि मुख्य सचिव उच्च शिक्षा।
5. प्रो. कनिका व्यास, राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य।
6. श्री हरमेश कसंल, राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य।
7. डॉ. हुकम सिंह, कुलपति द्वारा नामित माननीय सदस्य।
8. डॉ. रितेश कुमार शर्मा, राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य।
9. डॉ. अनिता सोनी, कुलपति द्वारा नामित माननीय सदस्य।

कुल सचिव
कुल-सचिव
राज ऋषि भर्तृहरि
मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर